वीयू – डॉ अनुभूति ने बढ़ाया विश्वविद्यालय का गौरव

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर की स्नातक छात्रा डॉ. अनुभूति जोत्शी का चयन भारतीय सेना के रिमाउंट वेटरिनरी कोर में कप्तान पद पर हुआ है। इस मौके पर कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा ने चयनित छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि बेटी को मिली इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय का गौरव बड़ा है। पूर्व में भी वेटरनरी कॉलेज की छात्राओं का चयन भारतीय सेवा रिमाउंट वेटरनरी कोर में कप्तान के पद पर हुआ है। कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि रिमाउंट वेटरनरी भारतीय सेवा की एक प्रशासनिक एवं परिपालन शाखा है और इसकी सबसे पुरानी संरचनाओं में से एक है यह सेवा में इस्तेमाल किए जाने वाले सभी जानवरों के पालन और प्रशिक्षण के लिए जिम्मेदार है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर आदित्य मिश्रा ने चयनित छात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर